(ख) जनवरी से दिसम्बर, 1977 तक की अवधि में सीकर-लोहारु के बीच के स्टेशनों से (लोहारु को छोड़कर) लोहारु-दिल्ली के बीच के स्टेशनों तक और उससे आगे के स्टेशनों के लिए यात्रियों को दैनिक औसत संख्या 281 थी।

(ग) सीकर और दिल्ली के बीच इस समय दो सीधे सवारी डिब्बे चल रहे हैं। मेल लेने वाली गाड़ियों में गुजांइश न होने के कारण सीधे यात्री डिब्बों की संख्या में वृद्धि करना व्यावहारिक नहीं है। मार्गवर्ती खण्डों पर अतिरिक्त लाइन क्षमता और दिल्ली में आवश्यक टर्मिनल सुविधाओं की कमी के कारण एक सीधी गाड़ी चलाना भी व्यावहारिक नहीं है।

**Production of oil at Bombay High**

126. SHRI DURGA CHAND: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) the quantity of oil produced per day at the Bombay High;

(b) the saving in foreign exchange on account of reduction of import of petroleum as a result of this production;

(c) the future programme for the production of oil in Bombay High;

(d) whether Government propose to undertake similar operations in other parts of the country; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) The present rate of production from Bombay High is around 80,000 barrels per day.

(b) At the present rate of production of Bombay High, the saving in foreign exchange on account of reduction of imports of crude oil would be of the order of about Rupees one crore per day on the basis of the current international prices of crude oil.

(c) It is proposed to attain a production potential of 10 million tonnes per annum from Bombay High and associated structures by 1981-82.

(d) and (e). Exploratory drilling is undertaken based on geological considerations. During 1978, it is proposed to undertake exploratory drilling in Kerala and Andaman offshore areas. Further decisions would depend on the results of exploratory drilling.

**Nangal-Talwara Railway Line**

127. SHRI DURGA CHAND: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have undertaken Nangal-Talwara Railway line project;

(b) if so, the details thereof;

(c) the amount of funds allocated for the project; and

(d) when the project would be undertaken and completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): (a) to (d). Traffic Survey for the project was carried out in 1973. The Final Location (Engineering) Survey has also since been completed and according to it, the line is estimated to cost Rs. 22.47 crores. The question of taking up the construction of the line would depend upon the availability of resources.

**डीजल की कमी**

128. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन या चार वर्षों से देश में डीजल की बहुत कमी है;

(ख) क्या इससे कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों पर गम्भीर रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;

(ग) क्या मुरादाबाद डिवीजन में डीजल के कुछ भण्डारण डिपो का निर्माण करने का प्रस्ताव है; और

(घ) सरकार का यह कमी किस प्रकार पूरी करने का विचार है ?

**पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) :** (क) और (ख). देश में तेल कम्पनियों को डीजल तेल की बेहद कमी का सामना नहीं करना पड़ा था और आमतौर पर देश में इस मद्द की सारी मांग को पूरा कर दिया गया था। तथापि इस उत्पाद को उपलब्ध करने में अस्थायी दिक्कतें आई हैं और इस मांग को पूर्णरूपेण पूरा करने के लिए इन अवसरों पर इस मद्द की तत्काल सप्लाई की गई थी।

(ग) मुरादाबाद में डीजल की सप्लाई/भण्डारण सम्बन्धी प्रबन्ध पहले से विद्यमान हैं। वहां पर दोनों टैंकियों और टैंक-गाड़ियों को भेजने की व्यवस्था सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

(घ) इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जाती है कि देश में कुल मिला कर डीजल तेल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त मांग के अनुसार इन उत्पादों को खपत वाले स्थानों पर पूरी तरह से उपलब्ध कराने के लिए सभी सम्भव प्रयास किये जाते हैं।

**सभी रेलगाड़ियों में शायिकायानों की व्यवस्था**

129. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने सभी रेलगाड़ियों में शायिकायानों की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या इस आश्वासन को कार्य रूप देने के लिए उनके मंत्रालय ने कोई योजना बनाई है; और

(ग) उसका ब्योरा क्या है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) :** (क) से (ग). यात्री ले जाने वाली उन सभी गाड़ियों में, जिनमें रात को यात्रा करनी पड़ती है, औचित्य के आधार पर दूसरे दर्जे के शयन-यानों की व्यवस्था की गयी है। लेकिन, इन लम्बी दूरी की तीव्रगामी गाड़ियों में गद्दीदार शायिकाओं वाले 3-टियर शयन-यानों की, योजना-बद्ध आधार पर, व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। बम्बई और हावड़ा के बीच चलने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस में इस सुविधा की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है।

**आयल इंडिया लिमिटेड द्वारा महानदी डेल्टा में तेल की खोज**

130. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने महानदी डेल्टा क्षेत्र में तेल की खोज करने के लिए आयल इंडिया लिमिटेड को स्वीकृति दे दी है; और

(ख) यदि हां, तो वहां यह कार्य कब आरम्भ होगा तथा प्रथम चरण में कितना तेल मिलने की सम्भावना है ?

**पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) :** (क) और (ख). आयल इंडिया लि० ने महानदी डेल्टा के 6800 वर्ग किलो मीटर तटीय तथा 12,000 वर्ग किलो मीटर अपतटीय क्षेत्र के अन्वेषण के लिए एक योजना तैयार की है। पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस प्रदान किये जाने के उपरांत, अन्वेषण कार्य